# अब सिर्फ एक ही शिवसेना : शाह

**मुंबई, 20 जून. महाराष्ट्र की राजनीति में शिवसेना की पहचान और नेतृत्व को लेकर लंबे समय से चल रही बहस के बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बड़ा बयान दिया है. कोल्हापुर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि पहले लोगों को एकनाथ शिंदे का नाम लेते समय 'शिवसेना-शिंदे गुट' कहना पड़ता था, लेकिन अब कोई गुट नहीं बचा है और केवल एक ही शिवसेना है.**



अमित शाह का यह बयान ऐसे समय आया है जब महाराष्ट्र में राजनीतिक समीकरण लगातार बदल रहे हैं और शिवसेना की विरासत को लेकर सियासी चर्चा जारी है. शाह ने अपने भाषण में महाराष्ट्र सरकार के विकास कार्यों और सांस्कृतिक पुनर्जागरण को भी प्रमुखता से रखा.

कोल्हापुर की जनसभा में अमित शाह ने कहा कि एक समय ऐसा था जब एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले दल को 'शिवसेना-शिंदे गुट' के नाम से जाना जाता था. लेकिन अब स्थिति बदल चुकी है और केवल एक शिवसेना ही अस्तित्व में है. उनके इस बयान को महाराष्ट्र की राजनीति में महत्वपूर्ण माना जा रहा है. शाह ने सीधे तौर पर यह संदेश देने की कोशिश की कि शिवसेना को लेकर जो भ्रम या विभाजन की चर्चा थी, वह अब समाप्त हो चुकी है. उनके इस बयान को आगामी राजनीतिक रणनीति और गठबंधन की मजबूती के संकेत के रूप में भी देखा जा रहा है. अमित शाह ने अपने संबोधन में कोल्हापुर स्थित माता अंबाबाई मंदिर के जीर्णोद्धार और कॉरिडोर निर्माण कार्य का भी उल्लेख किया. उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र सरकार मंदिर के विकास और श्रद्धालुओं की सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए बड़े स्तर पर काम कर रही है. शाह के अनुसार, अंबाबाई कॉरिडोर परियोजना पर करीब 1500 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे.

> अमित शाह ने कहा कि काशी विश्वनाथ कॉरिडोर, केदारनाथ और बद्रीनाथ धाम के पुनर्विकास सहित कई धार्मिक स्थलों का कायाकल्प किया गया है. उन्होंने कहा कि सोमनाथ मंदिर का स्वर्ण निर्माण कार्य आगे बढ़ रहा है और मां कामाख्या कॉरिडोर पर भी काम चल रहा है. शाह ने कहा कि अब अंबाबाई कॉरिडोर भी उसी श्रृंखला का हिस्सा बनने जा रहा है. 'विकास भी, विरासत भी' के मंत्र के साथ देशभर में सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण और विकास का काम किया जा रहा है. अंत में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाले निर्वाचित प्रधानमंत्रियों में शामिल हो चुके हैं.

## आईआईटीएम ने आर्यभट्ट एमओयू पर किये हस्ताक्षर

**पुणे, 20 जून.** पुणे स्थित भारतीय उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान ने आर्यभट्ट अवलोकन विज्ञान अनुसंधान संस्थान,नैनीताल के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये हैं. इस समझौता ज्ञापन का उद्देश्य जलवायु परिवर्तन पर सहयोगात्मक अनुसंधान और मौसम संबंधी मापदंडों तथा जलवायु-सक्रिय सूक्ष्म गैसों, जैसे ग्रीनहाउस गैसें, अल्पकालिक जलवायु कारक और मृदा नमी आदि पर लंबी अवधि तक अवलोकन को बढ़ावा देना है। इसका उद्देश्य भारत जलवायु अवलोकन नेटवर्क के अंतर्गत एआरआईएस, देवस्थल में एक जलवायु अवलोकन केंद्र स्थापित करना है.

# सार्वजनिक सुरक्षा को मजबूत करें : राष्ट्रपति

**भुवनेश्वर, 20 जून. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने अपने गृह नगर मयूरभंज में कानून-व्यवस्था और सार्वजनिक सुरक्षा को मजबूत करने के उद्देश्य से नवगठित रायरंगपुर पुलिस जिला का उद्घाटन किया.**

यह उद्घाटन अगस्त 2025 में ओडिशा सरकार के उस फैसले के बाद हुआ है जिसमें पुराने मयूरभंज पुलिस जिले में बदलाव किया गया था और रायरंगपुर पुलिस जिला बनाया गया था. नया पुलिस जिला अब पूरी तरह से चालू हो गया है. रायरंगपुर पुलिस जिला में दो पुलिस सब-डिवीजन और 14 थाना हैं. इस कदम का मकसद नागरिकों को पुलिस सेवाओं की तेज, आसान और अधिक कुशल सेवा सुनिश्चित करना है. नया जिला बनने से इलाके में कानून



और व्यवस्था मजबूत होने, अपराध को काबू में करने के तरीकों में सुधार होने, पुलिस की तेजी से कार्रवाई करने और सार्वजनिक सुरक्षा बढ़ने की उम्मीद है. ओडिशा पुलिस ने कहा कि यह पहल नागरिक सेवा, सार्वजनिक सुरक्षा और सुशासन के उसकी लगातार प्रतिबद्धता को दिखाती है, साथ ही पुलिस व्यवस्था में लोगों का भरोसा भी मजबूत करती है. उद्घाटन के समय ओडिशा के राज्यपाल हरि बाबू कंभमपति, मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी, मयूरभंज लोकसभा सांसद नबा चरण माझी सहित अनेक मंत्रियों, सांसदों और आलाधिकारियों की गरिमामयी मौजूदगी बनी रही.

### देशभर से आई शुभकामनाएं

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के जन्मदिन पर देशभर के नेताओं ने उन्हें शुभकामनाएं दीं. उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, विदेश मंत्री एस. जयशंकर समेत कई केंद्रीय नेताओं और विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने राष्ट्रपति मुर्मु के सादगीपूर्ण जीवन, जनसेवा के प्रति समर्पण और संवैधानिक मूल्यों के प्रति उनकी निष्ठा की सराहना की. सभी नेताओं ने उनके उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और निरंतर राष्ट्रसेवा की कामना की. उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर राष्ट्रपति मुर्मु को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं.

## एक नजर में



### मोदी ने पश्चिमबंग दिवस पर दी शुभकामनाएँ

**नयी दिल्ली.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिमबंग दिवस पर राज्य के नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि पश्चिम बंगाल ने साहित्य, संगीत, कला, अध्यात्म, विज्ञान, व्यापार एवं वाणिज्य तथा सामाजिक सुधार सहित अनेक क्षेत्रों में अमूल्य योगदान दिया है और उसके कारण भारत का इतिहास तथा राष्ट्रीय चेतना समृद्ध हुई है। मोदी ने शनिवार को सोशल मीडिया एक्स पर अपने संदेश में लिखा कि 20 जून पश्चिम बंगाल के इतिहास में अत्यंत महत्वपूर्ण दिन है, क्योंकि इसी दिन यह सुनिश्चित हुआ था कि पश्चिम बंगाल भारत का अभिन्न अंग बना रहेगा. उन्होंने कहा कि इस संदर्भ में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की भूमिका अमूल्य रही है और वर्ष 2026 में उनकी 125वीं जयंती भी मनाई जा रही है. प्रधानमंत्री ने कहा कि केंद्र पश्चिम बंगाल सरकार के साथ मिलकर राज्य के लोगों के सपनों और आकांक्षाओं को साकार करने के लिए कार्य करती रहेगी.

### दो ट्रेनों की टक्कर में एक की मौत, 89 लोग घायल

**लंदन, 20 जून.** दक्षिणी इंग्लैंड में बेडफोर्ड के पास दो ट्रेनों की टक्कर में एक व्यक्ति की मौत हो गयी तथा 89 लोग घायल हुए हैं. ब्रिटिश परिवहन पुलिस ने यह जानकारी दी है. इससे पहले अधिकारियों ने इस हादसे में एक व्यक्ति की मौत की जानकारी दी थी. परिवहन पुलिस ने कहा, 33 लोगों को अस्पताल ले जाया गया, जिनमें से 11 की हालत गंभीर थी. 56 अन्य लोगों का चोटों के लिए इलाज किया गया.' उन्होंने कहा कि हादसे में एक ट्रेन के चालक की मौत हो गयी.

# ट्रंप के दौर में भारतीयों की मौत पर सवाल : केजरीवाल

- भारतीय नागरिकों की मौत पर सरकार को घेरा
- तीन भारतीय नागरिकों की मौत को लेकर उठाए सवाल

**नई दिल्ली, 20 जून. आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर केंद्र सरकार की विदेश नीति को लेकर तीखा बयान दिया है.**

केजरीवाल ने अपने पोस्ट में कहा कि ट्रंप के शासनकाल के दौरान तीन निर्दोष भारतीय नागरिकों की मौत हुई, लेकिन इस



मुद्दे पर सख्त रुख अपनाने के बजाय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी मुलाकात में उनकी तारीफ की. उन्होंने कहा कि एक मजबूत प्रधानमंत्री से अपेक्षा होती है कि वह देश के नागरिकों के हितों की रक्षा के लिए खड़ा हो और ऐसी घटनाओं पर बिना शर्त माफी या जवाबदेही की मांग करे.

# चढ़ावे की काउंटिंग प्रक्रिया में गंभीर खामियां थीं : मिश्रा

## फोरेंसिक जांच से पुरानी फुटेज रिकवर करने की कोशिश

- एसआईटी जांच में सीसीटीवी फुटेज से छेड़छाड़
- बैंक और ट्रस्ट की निगरानी व्यवस्था पर उठे सवाल

**अयोध्या, 20 जून. अयोध्या स्थित राम मंदिर में कथित चढ़ावा और दान से जुड़े मामले की जांच अब और गहराती जा रही है. इस पूरे प्रकरण की जांच कर रही विशेष जांच टीम के सामने सबसे बड़ी चुनौती ठोस और तकनीकी साक्ष्य जुटाने की है.**

जांच के छठे दिन तक कई अहम संकेत सामने आए हैं, जिनसे मामले की गंभीरता और बढ़ गई है. सूत्रों के अनुसार, जांच





के दौरान सीसीटीवी फुटेज में छेड़छाड़ के संकेत मिले हैं. यह आशंका जताई जा रही है कि कुछ महीनों पुरानी रिकॉर्डिंग को या तो डिलीट किया गया है या उसमें तकनीकी बदलाव किया गया है. हालांकि, अभी तक इसकी पुष्टि फोरेंसिक जांच के बाद ही हो सकेगी. एसआईटी अब डिजिटल फॉरेंसिक विशेषज्ञों की मदद से पुरानी फुटेज रिकवर करने की कोशिश कर रही है, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि किस स्तर पर और कब हेरफेर हुआ. जांच एजेंसियों का कहना है कि यदि पिछले डेढ़ महीने के भीतर किसी भी फुटेज में बदलाव हुआ है, तो उसके तकनीकी साक्ष्य मिलने की संभावना अधिक है. इसी दिशा में सीसीटीवी सिस्टम, सर्वर लॉग और बैकअप रिकॉर्ड की गहन जांच की जा रही है.

# बच्चों के भविष्य से खेला जा रहा है जुआ : राहुल गांधी

**नयी दिल्ली, 20 जून. लोकसभा में विपक्ष के नेता तथा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ( एनटीए ) को पूरी तरह अक्षम बताते हुए कहा है कि वह परीक्षा के नाम पर बच्चों और अभिभावकों के धैर्य की परीक्षा ले रहा है और छात्रों के भविष्य के साथ जुआ खेल रहा है.**

गांधी ने शनिवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक छात्र का उदाहरण देते हुए कहा कि नागपुर का यह छात्र एक महीने से नीट पुनर्परीक्षा की तैयारी कर रहा था लेकिन परीक्षा से एक दिन पहले प्रवेश पत्र डाउनलोड करने पर पता चला कि उसका परीक्षा केंद्र अबू



धाबी आवंटित हुआ है. छात्र के पास न पासपोर्ट था, न विदेश जाने के लिए आर्थिक साधन और न ही पर्याप्त समय बचा था जिसके कारण वह पूरी रात तनाव में रहा और परीक्षा देने से ही मना करने लगा.उन्होंने कहा, 'क्या इस तनाव की कल्पना भी की जा सकती है. कल किसी भी छात्र को केंद्र तक नहीं पहुंच पाने की शिकायत नहीं होनी चाहिए.

# बैंकों-कॉरपोरेट गठजोड़ पर कोर्ट की तल्ख टिप्पणी

- बड़े बैंकों को कर्जों में भारी छूट नहीं दे सकते बैंक

**नई दिल्ली, 20 जून. सुप्रीम कोर्ट ने कॉरपोरेट कर्जदारों, बैंकों और परिसंपत्ति पुनर्गठन कंपनियों के बीच कथित गठजोड़ पर शुक्रवार को गहरी चिंता जताते हुए स्पष्ट कहा कि बड़े कर्जों को भारी छूट देकर रफा-दफा नहीं किया जा सकता.**

अदालत ने कहा कि बैंकों में जमा धन जनता और करदाताओं का पैसा है, इसलिए उसकी वसूली के लिए गंभीर प्रयास किए बिना बड़े समझौतों को 'व्यावसायिक निर्णय' कहकर उचित नहीं ठहराया जा सकता. शीर्ष अदालत की यह टिप्पणी जेकेएम इंफ्रा मामलों की जांच की मांग को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान आई. मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ ने



कहा कि सार्वजनिक धन को पहले बड़े पैमाने पर कर्ज के रूप में बांटना और बाद में उसे 'दबावग्रस्त संपत्ति' बताकर एआरसी के जरिए बहुत कम रकम पर निपटाना गंभीर चिंता का विषय है. अदालत ने यह भी संकेत दिया कि यदि ऐसे मामलों में धोखाधड़ी या मिलीभगत के आरोप सामने आते हैं, तो न्यायालय आंखें मूंदकर नहीं बैठ सकता.सुप्रीम कोर्ट ने भारतीय रिजर्व बैंक, गंभीर धोखाधड़ी जांच कार्यालय, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड, प्रवर्तन निदेशालय और केंद्रीय जांच ब्यूरो को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है.

## आज का इतिहास

- **1948 :** सी. राजगोपालाचारी भारत के गवर्नर जनरल बने। वह देश के अंतिम गवर्नर जनरल थे
- **1949 :** राजस्थान उच्च न्यायालय की स्थापना हुई
- **1953 :** पाकिस्तान की प्रधानमंत्री रहीं बेनजीर भुट्टो का जन्म हुआ
- **1975 :** वेस्टइंडीज ने पहला क्रिकेट विश्व कप जीता
- **1991 :** पी.वी. नरसिम्हाराव भारत के नौंवे प्रधानमंत्री बनें
- **2001 :** पाकिस्तान के राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ़ ने आतंकवाद निरोधक क़ानून बहाल किया
- **2003 :** हैरी पॉटर सीरीज की पांचवीं बुक 'हैरी पॉटर एंड द ऑर्डर ऑफ फीनिक्स' लॉन्च हुई। बुक ने लॉन्च होते ही बिक्री के कई रिकॉर्ड बनाए.

## 65 हस्तियां पद्म पुरस्कारों से सम्मानित

**नई दिल्ली.**राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु मंगलवार को राष्ट्रपति भवन के गणतंत्र मंडप में नागरिक अलंकरण समारोह-द्वितीय में वर्ष 2026 के पद्म पुरस्कार प्रदान करेंगी. इस अवसर पर उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय मंत्रिपरिषद के अनेक मंत्री तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति भी इस समारोह में उपस्थित रहेंगे. द्वितीय नागरिक अलंकरण समारोह में राष्ट्रपति 65 हस्तियों को पद्म पुरस्कार प्रदान करेंगी, जिनमें दो पद्म विभूषण, सात पद्म भूषण और 56 पद्म श्री सम्मान शामिल हैं. श्रीमती मुर्मु ने 25 मई को आयोजित प्रथम नागरिक अलंकरण समारोह में भी 65 पद्म पुरस्कार प्रदान किए थे.,



### पीएम मोदी ने अर्पित की पुष्पांजलि

पीएम मोदी ने पहाड़पुर के स्कूल परिसर में, स्वर्गीय श्याम चरण मुर्मू, स्वर्गीय लखन मुर्मू और स्वर्गीय सिपुन मुर्मू के समाधि स्थल पर पुष्पांजलि अर्पित की. उन्होंने कहा कि व्यक्तिगत दुखों के बावजूद राष्ट्रपति ने जो साहस और दृढ़ संकल्प दिखाया है, वह प्रेरणादायक है. उनके व्यक्तिगत अनुभवों ने जन-सेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को और मजबूत किया और लोगों के जीवन को बेहतर बनाया.

## हस्तियों के ट्वीट



केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करते हुए कि 12 साल विकास के, विरासत के, जनकल्याण के! जन-कल्याण एवं जन-जागरूकता अभियान के अंतर्गत आज सोनभद्र जिले में आयोजित एक विशाल सभा में माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्रीय सरकार द्वारा 12 साल में कराए गए कार्यों पर चर्चा करने का अवसर प्राप्त हुआ.

टेस्ला के सीईओ एलन मस्क और उद्योगपति एलन मस्क अफ्रीका में बुखमरी लोगों के प्रति सहानभूति व्यक्त की और उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि अफ्रीका में लोग भूख से नहीं मर रहे हैं। यह एक मिथक है। भोजन की कमी केवल तभी होती है जब युद्ध चल रहा होता है, और उस स्थिति में इसका एकमात्र समाधान आक्रमण ही होता है!



# सरकार ने 16 एफडीसी दवाओं पर लगाये प्रतिबंध

**नई दिल्ली, 20 जून. केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने जनहित में 16 निश्चित खुराक संयोजनों ( एफडीसी ) के निर्माण, बिक्री और मानव उपयोग के लिए वितरण पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगा दिया है.**

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने आज बताया कि मंत्रालय ने औषधि एवं सौंदर्य प्रसाधन अधिनियम, 1940 की धारा 26ए के तहत अधिसूचना जारी कर यह फैसला लिया है. सरकार का कहना है कि यह कदम जनस्वास्थ्य की रक्षा तथा केवल वैज्ञानिक रूप से उचित और सुरक्षित दवा संयोजनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उठाया गया है.

# फौसी ने छुपाया कोरोना वायरस का लैब-लीक सच

**वॉशिंगटन, 20 जून. अमेरिका की नेशनल इंटेलिजेंस डायरेक्टर के रूप में तुलसी गबार्ड ने अपने पद पर आखिरी दिन बड़ा कदम उठाते हुए कोविड-19 की उत्पत्ति से जुड़े करीब 400 पन्नों के गोपनीय दस्तावेजों को सार्वजनिक कर दिया है और पूर्व मुख्य चिकित्सा सलाहकार डॉ. एंथनी फौसी पर गंभीर आरोप लगाया है.**

गबार्ड ने एक्स' पर एक नोट के साथ वीडियो जारी कर दावा किया है कि इन नये दस्तावेजों से साफ होता है कि डॉ. फौसी ने अमेरिकी करदाताओं के लाखों डॉलर चीन की वुहान लैब में खतरनाक वायरस या बैक्टीरिया की प्राकृतिक क्षमताओं को बढ़ाने



- संसद में बोला झूठ : तुलसी गबार्ड
- एक्स' पर एक नोट के साथ वीडियो जारी कर दावा किया

के अनुसंधान के लिये दिये थे. तुलसी गबार्ड ने आरोप लगाया कि डॉ. फौसी ने अपनी इस चूक और वुहान लैब-लीक से जुड़े सबूतों को छिपाने के लिए खुफिया विभाग के राजनीतीकरण का सहारा लिया. उन्होंने कहा कि डॉ फौसी ने खुफिया तंत्र के कुछ हिस्सों के साथ मिलकर इस सच को दबाया और वर्ष 2024 में अमेरिकी संसद में शपथ लेकर भी झूठ बोला था.

गबार्ड ने अमेरिकी जनता के लिए ऑफिस ऑफ द डायरेक्टर ऑफ नेशनल इंटेलिजेंस की वेबसाइट पर इन गोपनीय सामग्रियों को जारी किया है. ओडीएनआई के जारी प्रेस नोट और रिपोर्टों के अनुसार, इन दस्तावेजों में खुफिया अधिकारियों, वैज्ञानिकों और व्हिसलब्लोअर्स की गवाहियां शामिल हैं.

## 16.71 लाख रुपये का मादक पदार्थ जब्त

**नासिक, 20 जून.** महाराष्ट्र के नासिक में पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से तीन लोगों को गिरफ्तार कर 320 ग्राम मादक पदार्थ एमडी (मेफेड्रोन) जब्त किया है जिसकी अवैध बाजार में कीमत करीब 16.71 लाख रुपये आंकी गई है. एक अधिकारी ने यह जानकारी दी. अधिकारी ने बताया कि राजस्थान के कुछ लोगों द्वारा मादक पदार्थ बेचे जाने की सूचना मिलने पर मादक पदार्थ रोधी प्रकोष्ठ और स्थानीय पुलिस के अधिकारियों ने एक मोटरसाइकिल को रोका तलाशी के दौरान 200 ग्राम मेफेड्रोन बरामद किया जिसकी कीमत करीब 10.70 लाख रुपये आंकी गई है.

## कनेक्टिविटी | विकास के नए इंजन बन रहे पूर्वोत्तर के राज्य

# पूर्वोत्तर बना विकास मिसाल : निर्मला सीतारमण

- कनेक्टिविटी में सुधार से बढ़ी आर्थिक पहुंच

**नई दिल्ली, 20 जून. केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कहा कि पूर्वोत्तर भारत अब वैश्विक स्तर के कई महत्वपूर्ण स्थलों का केंद्र बन चुका है और यह क्षेत्र सतत एवं समावेशी विकास का उत्कृष्ट उदाहरण पेश कर रहा है.**

उन्होंने कहा कि 'अष्टलक्ष्मी' के नाम से पहचाने जाने वाले पूर्वोत्तर के आठ राज्यों ने वैश्विक मानचित्र पर अपनी मजबूत पहचान स्थापित की है. सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म



'एक्स' पर एक पोस्ट में निर्मला सीतारमण ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश, असम, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, सिक्किम और त्रिपुरा को मिलाकर बने 'अष्टलक्ष्मी' क्षेत्र ने कई वैश्विक उपलब्धियां हासिल की हैं. उन्होंने कहा कि दुनिया के पहले 100 प्रतिशत ऑर्गेनिक राज्य से लेकर दुनिया की सबसे लंबी दो-लेन सुरंग और सबसे ऊंचे गर्डर रेल पुल जैसी उपलब्धियां पूर्वोत्तर क्षेत्र की बढ़ती क्षमता को दर्शाती हैं.

> केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने भी 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए कहा कि पूर्वोत्तर के आठ राज्यों को कभी विकास की मुख्यधारा से दूर माना जाता था, लेकिन आज यही राज्य भारत की विकास यात्रा के नए इंजन के रूप में उभर रहे हैं. उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र समृद्धि, शक्ति और अपार संभावनाओं से भरपूर है. एक आधिकारिक फैक्ट शीट के अनुसार, पिछले 12 वर्षों में पूर्वोत्तर क्षेत्र के विकास परिदृश्य में उल्लेखनीय परिवर्तन देखने को मिला है.

## विश्वास बने स्लोवाकिया में भारत के राजदूत



**नई दिल्ली.** भारतीय विदेश मंत्रालय ने स्लोवाक गणराज्य के नए राजदूत की नियुक्ति का ऐलान किया है. एक बयान जारी कर मंत्रालय ने बताया कि विश्वास विदु सपकाल अगले राजदूत होंगे. बयान में आगे लिखा है कि सपकाल वर्तमान में पेरू गणराज्य में भारतीय राजदूत के रूप में कार्यरत हैं, और वो बहुत जल्द अपना नया दायित्व संभालेंगे. 1998 बैच के आईएफएस सपकाल ने महाराष्ट्र के वालचंद इंजीनियरिंग कॉलेज से इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग की. पेरू स्थित भारतीय दूतावास की आधिकारिक साइट में दी गई .

# वंदे भारत ट्रेन में योग सत्र से फिटनेस का संदेश

- अहमदाबाद मंडल का यात्रियों संग फिटनेस का दिया संदेश

**अहमदाबाद, 20 जून. अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पश्चिम रेलवे का अहमदाबाद मंडल इस बार योग को जन-जन तक पहुंचाने के लिए एक अनूठी और व्यापक पहल करने जा रहा है.**

21 जून को मंडल के विभिन्न रेलवे परिसरों, सामुदायिक भवनों और रेलवे इंस्टीट्यूटों में विशेष योग सत्र आयोजित किए जाएंगे. सबसे खास बात यह है कि इस वर्ष योग दिवस का उत्सव केवल स्थिर परिसरों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि चार वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों में भी यात्रियों के लिए विशेष योग सत्र



आयोजित होंगे. इस पहल का उद्देश्य यात्रियों, रेलकर्मियों और आम नागरिकों को योग, प्राणायाम और संतुलित जीवनशैली के महत्व से जोड़ना है.

मंडल रेल प्रबंधक वेद प्रकाश के मार्गदर्शन में आयोजित होने वाले इन कार्यक्रमों के तहत साबरमती, कांकरिया, गांधीधाम और वीरमगाम जैसे प्रमुख स्थानों पर योग शिविर लगाए जाएंगे. मुख्य योग सत्र सामुदायिक भवन साबरमती, ओल्ड रेलवे इंस्टीट्यूट साबरमती, रेलवे इंस्टीट्यूट कांकरिया, सामुदायिक भवन गांधीधाम और सामुदायिक भवन वीरमगाम में आयोजित किए जाएंगे.

### चार प्रतिष्ठित ट्रेनों में हुआ योग सत्र

चार प्रतिष्ठित वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों में होने वाले योग सत्र हैं. इनमें 20902 गांधीनगर कैपिटल मुंबई सेंट्रल वंदे भारत एक्सप्रेस, 12462 साबरमती जोधपुर वंदे भारत एक्सप्रेस, 26964 असारवा-उदयपुर वंदे भारत एक्सप्रेस और 22925 अहमदाबाद-ओखा वंदे भारत एक्सप्रेस शामिल हैं. इन ट्रेनों में यात्रा कर रहे यात्रियों को योग प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में सीट पर बैठकर किए जाने वाले सरल योगाभ्यास, स्ट्रेचिंग और प्राणायाम का अभ्यास कराया जाएगा.